तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

14 कसडोल में दुर्गा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन,...

12 आराधना और उल्लास के साथ नवरात्रि का समापन




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# जोत-जंवारा एवं सांग नृत्य के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

## नगर के जय स्तंभ चौक से शिवनाथ नदी तक हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विजयादशमी के दिन सिमगा सहित अंचल में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का धुमधाम के साथ विसर्जन किया गया। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन के साथ जोत जंवारा व सांगधारी भी थे जो मां के जसगीत की धुन पर सांग नृत्य कर भव्य झांकी प्रदर्शन करते रहे। सिमगा का सांग नृत्य पुरे प्रदेश में प्रसिद्ध है यहां सांगधारियों के नृत्य देखने दूर- दूर से लोग आते हैं। देवी प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक चलता रहा। नगर के जय स्तंभ चौक से लेकर बेमेतरा तिगड्डा व विसर्जन स्थल शिवनाथ नदी तक महिला पुरूष व बच्चों की





हजारों की संख्या में भीड़ रही। नवरात्रि में नगर के विभिन्न वर्डों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का नौ दिनों तक मांदर की थाप व जसगीत से भक्तों द्वारा माता की सेवा से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। जहां छोटे- छोटे बच्चों से लेकर युवा व बड़ों ने सांग नृत्य का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। तत्पश्चात बेमेतरा तिराहा होते विसर्जन स्थल शिवनाथ नदी पहुंचे। इस दौरान जयस्तंभ चौक से बेमेतरा तिराहा तक एवं मातारानी के दर्शन व स्वागत के लिए विभिन्न राजनैतिक पार्टीयों द्वारा स्टेज लगाया गया था। यातायात पुलिस द्वारा सभी छोटी बड़ी वाहनों को बाई पास से निकलने व्यवस्था के साथ ही नदी में गोताखोर की भी व्यवस्था गयी थी।

## खबर संक्षेप

### धोबी समाज द्वारा नवनिर्मित मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 16 को

**मुंडा।** प्रदेश धोबी समाज द्वारा समाज में बेहतर शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष जोर देने के साथ–साथ धार्मिक कार्यों में भी विशेष रुचि लेते हुए लगभग सभी ऐतिहासिक स्थानों पर समाज द्वारा मंदिरों का भी निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में धोबी समाज तरेंगा राज एवं मल्हार राज के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 16 अक्टूबर बुधवार को सुबह 10 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सिंगारपुर मावली में पंडित लखन लाल उपाध्याय जरौद वाले के सानिध्य में पूर्ण विधि विधान के साथ संपन्न होगा। नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक सचिव नारायण निर्मलकर सहसचिव ईश्वर प्रसाद रजक शंकर रजक मनोज निर्मलकर लाला रजक राजेंद्र निर्मलकर परशु रजक प्यारे रजक गन्नू लाल रजक एवम सामाजिक पदाधिकारी जुटे हुए हैं। तरेंगा राज के पदाधिकारिया ने प्रदेश पदाधिकारियो बलौदाबाजार जिला पदाधिकारियों एवं लवन परिक्षेत्र के पदाधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### गोंड़ समाज लवन महासभा के शिव नेताम बने अध्यक्ष

**पलारी।** रविवार को गोंड समाज



लवन महासभा के आश्रित ग्राम मल्लिन ब्लॉक पलारी में लवन महासभा के अध्यक्ष एवं अन्य पद रिक्त होने पर पुनर्गठन हेतु महासभा के पदाधिकारी, चक प्रमुख, सगा समाज, गोंड समाज द्वारा सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमे गोंड समाज लवन महासभा के अध्यक्ष शिव सिंह नेताम कोनारी, महासचिव जनक धुरव अमेठी, मार्गदर्शक तिरिथ राम नेताम रीवाडीह को मंनोनीत किया गया। इस अवसर पर गोंड़ समाज लवन महासभा उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव,महामंत्री भगवान सिंह धुरव,कोषाध्यक्ष दिलेश कुमार ध्रुव,संचालक नेमीचंद ध्रुव,संरक्षक नेहरू राम धुरव,सचिव श्रवण कुमार धुरव,सलाहकार कार्तिक राम धुरव,महासभा मिडिया प्रभारी भानु ध्रुव को बनाया गया। समाजसेवक जय कुमार धुरव,पूर्व लवन राज अध्यक्ष नरोत्तम सिंह ठाकुर, अमेठी चक अध्यक्ष संतलाल ध्रुव, बांसबिनौरी चक अध्यक्ष मनोहर लाल धुरव,भवानीपुर चक अध्यक्ष जय राम धुरव, भरोड़ा चक अध्यक्ष रमेश कुमार ध्रु सहित भारी संख्या में सगा समाज उपस्थित थे।

### वाहन में बज रहा था डीजे हुई जब्ती की कार्रवाई

**महासमुंद।** प्रतिबंध के बावजूद मालवाहक वाहन में डीजे फिट कर मापदंड से अधिक सीमा में ध्वनि प्रदूषण फैलाए जाने के मामले में प्रशासनिक अमले ने एक वाहन को जब्त किया है। सूत्र बताते हैं कि मामले में वाहन को छुड़ाए जाने के लिए एक जनप्रतिनिधि द्वारा भरसक प्रयास किया गया, अफसरों के साथ इस बात को लेकर तीखी बहस भी होने की बात सामने आई है। लेकिन, प्रशासनिक अमले ने वाहन क्रमांक सीजी 04 पीए 2032 को जब्त कर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। और प्रज्ञा डीजे धुमाल पार्टी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित भी किया गया है।

## पर्व : विधायक ने मंच को बड़ा करने व सार्वजनिक गरबा कराए जाने की घोषणा की

# 'विजयादशमी' असत्य पर सत्य की जीत का पर्व : विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान के मुख्यमंच से विधायक इन्द्र साव ने रामलीला के कलाकारों के लिए मंचीय व्यवस्था छोटी दिखने पर मंच को बड़ा करने और अगले वर्ष इसी मैदान पर सार्वजनिक रूप से गरबा कराए जाने की घोषणा की। जिसकी करतल ध्वनि से दशहरा मैदान पर उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। विधायक ने रावण भाटा स्थित दशहरा मैदान पर रामलीला के कलाकारों द्वारा राम रावण युद्ध की लीला देखने और भगवान श्री राम के अग्निबाण से रावण के वीरगति को प्राप्त होने पर उपस्थित लोगों के द्वारा मनाई जा रही खुशियों में शामिल हुए तथा विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए अहंकार पर विन्रमता की विजय, अधर्म पर धर्म की विजय,असत्य पर सत्य की विजय, बुराई पर अच्छाई की विजय, पाप पर पुण्य की विजय, अत्याचार पर सदाचार की विजय, क्रोध पर दया, क्षमा की विजय और अज्ञान के अंधकार पर ज्ञान के प्रकाश का विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व की नगर वासियों को शुभकामनाएं दी।



### कभी घमंड नहीं करना चाहिए

विधायक ने श्री आदर्श रामलीला के 105 वर्ष तक इस आयोजन को जीवंत रखने के रामलीला के पात्रों सहित समिति के संरक्षक मंडलों से कहा की इस विजयादशमी के पर्व से हमें सिख मिलती है की कभी भी किसी भी प्रकार का घमंड नहीं करना चाहिए और ना ही अभिमानी होना चाहिए। भगवान श्री राम ने एक अभिमानी का घमंड तोड़ा। वही उन्होंने रामलीला के संरक्षक मंडलों से आज एक दिन की लीला का मंचन इसी मंच से करने की बात कही।

### मोपका में धूमधाम से मना दशहरा उत्सव

मोपका/भाटापारा। मध्य नगरी दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में ग्राम मोपका में दशहरा रावण दहन किया गया। इस दौरान विविध आयोजन हुए। संजय वर्मा, प्रवीण रोहित साहू, सुमित वर्मा, देवव्रत वर्मा, दुर्गेश साहू, देवचरण ध्रुव, संतोष साहू, रमेश साहू, उदय राम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।




### रामलीला मंचन के पश्चात रावण पुतले का किया दहन

बलौदाबाजार। नगर के दशहरा मैदान में शनिवार की शाम अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला का दहन दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के पश्चात किया गया। दशानन के जलने के पूर्व आसमानी आतिशबाजी से ऐसा लगा रहा था कि सत्य व धर्म की विजय पर देवता आसमान से फूल बरसा रहे हो। जिले सहित अंचल में विजयदाशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। दशहरा आयोजन समिति व पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था के चलते आयोजन शांतिपूर्व संपन्न हुआ। शनिवार की शाम जब भगवान श्रीराम ने रावण का



वध किया तब पूरे जिले में उत्सव का माहौल बन गया। वहीं रविवार को सभी दुर्गोत्सव समितियों द्वारा झांकी निकालकर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम के साथ किया गया।

## 400 रूपए को लेकर था विवाद

# पेंचिस से वार करके वृद्ध की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शनिवार रात ग्राम लांजा में छोटी सी लड़ाई ने हत्या जैसे संगीन घटना को अंजाम दिया। आरोपी युवक ने सो रहे बुजुर्ग पर ताबड़तोड़ लोहे के औजार से वार कर उसकी हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार थाना से 5 किलोमीटर दूर ग्राम लांजा में कल जहां गांव में खुशियों का माहौल था। एक तरफ मां दुर्गा की प्रतिमा का धूमधाम से विसजर्न किया गया। तो वहीं शाम को दशहरा पर्व मनाया गया। लेकिन एक छोटे से विवाद से गांव शोक फैल गया है। आरोपी कृपाराम ध्रुव जो मृतक के निर्माणाधीन मकान में बिजली फिटिंग का कार्य किया था। रविवार को दशहरा पर्व है कहकर बकाया 1000 रूपये मृतक के पुत्र नर्मदा जोशी से मांगा था जिस पर उसने 600 रूपया ही दिया और 400



रूपये बाद में देने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों में दशहरा की शाम को वाद विवाद एवं मारपीट हुई थी। जिससे क्षुब्ध होकर आरोपी ने रात्रि लगभग 1 बजे घर का दीवाल फांद कर बरामदे में सो रहे शत्रुघन जोशी पिता करिया जोशी उम्र 75 वर्ष के सिर व कान के पास लोहे के पेंचिस से ताबड़तोड़ वार कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी।

### आरोपी बोला - तुम्हारे घर में कोई न कोई करंट में चिपकेगा

नर्मदा जोशी ने बताया कि आरोपी शाम को चिल्ला चिल्ला कर बोल रहा था कि तुम्हारे घर में कोई न कोई करेंट में चिपकेगा नहीं तो किसी न किसी की मौत होगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी कृपाराम ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आज सोमवार को दोनों परिवार में बढ़ रहे तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना स्थल में पहुंच कर एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर, थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे, भाटापारा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी हथबंद थाना प्रभारी कैलाश चंद्र दास मामले की जांच में जुट गए हैं तथा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सिमगा पुलिस ने प्रार्थी नर्मदा जोशी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर धारा 303(1) बीएनएस के तहत विवेचना में ले लिया है। वहीं आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।


## आवास चौपाल में 41 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का किया वितरण



**पलारी।** ग्राम पंचायत सिंधोरा में दुर्गा महेश्वर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के मुख्य आतिथ्य में आवास चौपाल लगाकर 41 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। जनपद सदस्य हेमा रोहित साहू द्वारा दिए कचरा डब्बे का वितरण ग्रामवासियों को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच दिलीप यादव ने किया। संचालन शंभू सिंह डहरिया द्वारा किया गया। चौपाल में प्रमुख रूप ▶▶ शेष पेज 11 पर

## श्रद्धालुओं ने नम आंखों से दी माता दुर्गा को विदाई

**पलारी।** नगर सहित पूरे अंचल में नवरात्रि का पर्व माता दुर्गा की भव्य विदाई के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक अनवरत चलने वाली पूजा, हवन और भक्ति की लहर ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था का संचार किया। भक्तों ने पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ इस उत्सव में भाग लिया। अंतिम दिन माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों की आंखों में भक्ति, आस्था और भावुकता का गहरा भाव स्पष्ट रूप से दिख रहा था। विसर्जन के दौरान पूरे वातावरण में माता के जयकारों की गूंज सुनाई दी। भक्तों ने नम आंखों से माता दुर्गा को विदाई दी, जो इस धार्मिक पर्व के समापन का सबसे भावुक क्षण था।



# आग से नकदी व सामान हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर के एक घर में आग लगने से नकदी सहित सामान जलकर खाक हो गया। लोगों की मदद से मवेशियों को बचाया जा सका।

- लोगों की मदद से मवेशियों को बचाया गया

जानकारी के अनुसार नगर के आसिन बाई यादव वार्ड नं 14 शहीद भगत सिंह वार्ड निवासी के खपरैल घर में बीते दिनों तड़के सुबह तीन बजे अचानक आग लग गई। गनीमत है कि जिस समय यह घटना घटित हुई, उस समय आसिन बाई यादव दूसरे कमरे मे सोई हुई थी। परिवार वाले जंचकी के लिए जिला अस्पताल बलौदाबाजार गए हुए थे, अन्यथा बड़ी घटना घट सकता थी। वही आग घर को तेजी से अपने लपेटे मे ले रही थी, जिससे पास ही रस्सी से बंधी गाय जोर-जोर से रंभाने लगी। आवाज सुनकर आसिन बाई तथा पड़ोसी जाग। मौके पर ▶▶ शेष पेज 11 पर



## शिवरीनारायण मठ से जनकपुरी के लिए निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# परंपरागत रूप में मनाया गया गद्दी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर अनंत काल से विराजित भगवान शिवरीनारायण की पावन धारा में गद्दी महोत्सव परंपरागत रूप से मनाया गया।


प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण मठ में आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी के अवसर पर आयोजित किए जाने वाला गद्दी महोत्सव का पर्व बहुत ही गरिमामय रूप में श्रद्धा-भक्ति पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शिवरीनारायण मठ से शोभायात्रा मध्य नगरी चौक, हनुमान मंदिर, मेला ग्राउंड होते हुए जनकपुरी के लिए रवाना हुई। यहां पहुंचकर शमी वृक्ष की पूजा अर्चना व परिक्रमा के पश्चात सभी लोगों ने हनुमान जी का दर्शन कर एक दूसरे को सोन पत्ती भेंट करके दशहरा उत्सव की शुभकामना एवं बधाई दी। शोभायात्रा शाम 7 बजे शिवरीनारायण मठ



पहुंची, यहां गद्दी स्थल पर हवन, यज्ञ संपन्न होने के उपरांत महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज गद्दी पर विराजित हुए। सबसे पहले जगदीश मंदिर के पुजारी श्री त्यागी जी महाराज ने तिलक लगाकर आरती करके शॉल, श्रीफल, द्रव्य भेंट कर गुरुदेव महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास ने सपरिवार पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में वीरेंद्र तिवारी, पूर्णेन्द्र तिवारी, दिलीप तिवारी, योगेश शर्मा, ओम प्रकाश सुल्तानिया, पवन सुल्तानिया, बृजेश केसरवानी, पुरोहित राजू शर्मा, कमलेश सिंह, निरंजन लाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### खम्हरिया में 7 दिवसीय गुरु गद्दी पूजा आज से

**बगबुडा।** गुरुघासीदास जनकल्याण युवा समिति लवन खम्हरिया द्वारा 14 से 20 अक्टूबर तक गुरु बाबा घासीदास का सात दिवसीय सतनाम गुरु गद्दी पूजा का आयोजन रखा गया है। गुरु शिदानदास जागड़े बाबा द्वारा गुरु मंच पर सोमवार को सतनाम की ज्योत जलाई जाएगी। जहां पर खम्हरिया निवासी सिदन दास जांगड़े 7 दिनों तक गुरु गद्दी पूजा करेंगे। इस दौरान आमंत्रित मंडलियों को 251 रुपए दिया जाएगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष हीरामन महिलांगे, उपाध्यक्ष तिहारु खुटे, सचिव राकेश चतुर्वेदी, श्रीकांत साय, सदस्य धरम, महिलांगे, मनोहर बंदे, मनहरण बंदे, राजू चतुर्वेदी, धनराज चतुर्वेदी, रामकुमार साय, मुकेश चतुर्वेदी, संतोष बंजारे,,भागीरती टंडन, शिवचरण डहरिया, दिलिप बन्दे फागुलाल बंदे, संजय बंदे व समस्त ग्रामवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।



## 1 नवंबर से धान खरीदी करें सरकार : संदीप

**बगबुड़ा।** शासन द्वारा प्रतिवर्ष 15 नवंबर को धान की खरीदी करती आ रही है जिसको लेकर कसडोल विधायक संदीप साहू प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शासन से मांग करते हुए कहा कि इस वर्ष धान की पैदावार अधिक मात्रा में हुई है। वहीं, हरुना आदि विभिन्न प्रकार के धान नवरात्र पश्चात पक कर तैयार हो जाते हैं, जिनके रख रखाव के लिए किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, इस वर्ष छत्तीसगढ़ में धान खरीद में हो रही देरी पर कसडोल विधायक संदीप साहू ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य सरकार से अपील करते हुए कहा है कि धान की ▶▶ शेष पेज 11 पर



पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468









## विसर्जन : शहर में विराजित 16 दुर्गा प्रतिमाओं की एकसाथ निकली झांकी

# कसडोल में दुर्गा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन, झांकियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन, एकता नवदुर्गा समिति की झांकी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

प्रति वर्षों की भांति इस वर्ष भी विगत दस दिनों से नगर में विराजित सभी समितियों की शक्ति स्वरूपा भगवती माँ दुर्गा की प्रतिमाएं धूमधाम से शांति पूर्ण माहौल में जुलूस की शक्ल में एक साथ विसर्जित की गई। इस वर्ष कसडोल नगर में विभिन्न समितियों के द्वारा कुल 16 प्रतिमाएं विराजित थीं। आज के सामूहिक विसर्जन कार्यक्रम में 16 समितियों की प्रतिमाएं सम्मिलित हुईं। जैसा कि कुछ वर्षों से जाना जाता है कि नगर के पारस नगर सेक्टर 2 की एकता नवदुर्गा समिति अपने अलग ही पहचान बना चुकी है। इस वर्ष भी अलग अलग अंदाज की कुल 13 झांकियां चर्चा का विषय बनीं रहीं। वैसे तो सभी झांकियां दर्शकों के मन को अपनी ओर खींच रहीं थी। झांकियों में घोड़ा, बग्गी और तांगा सहित विभिन्न वाहनों में महाकाल, श्री रामलला, राधा कृष्ण, एक पेड़ मां के नाम की झांकियों के अलावा सुआ, कर्मा, डांडिया नृत्य, कोलकाता डॉ. महिला मर्डर केस झांकी एवं विभिन्न कीर्तन और जसगीत मंडलियों द्वारा ढोल, मृदंग के साथ गीतों के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दुर्गा विसर्जन जुलूस को देखने नगर सहित आसपास के गाँवों से बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। हर साल की तरह इस वर्ष भी नगर पंचायत की ओर से समितियों के लिए ईनाम की व्यवस्था की गई थी। वे विसर्जन स्थल रामसागर तालाब से पहले बलार रोड पर प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजति की थी।

- आयोजन समिति ने उत्कृष्ट झांकियों को किया पुरस्कृत

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू, प्रतिष्ठित व्यवसायी कमलेश साहू, रमेश साहू, देवेंद्र साहू, भानु प्रताप साहू, अशोक यादव, भाजपा पिछड़ावर्ग के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, सुरेन्द्र साहू, नीरेंद्र क्षत्रिय, द्वारिका निर्मलकर, संतोष वर्मा, रवि भ्रतेश, देवीदास मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।







### जिलेभर में प्रसिद्ध है कसडोल का विसर्जन

नवरात्र में नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने के बाद नगर के सभी दुर्गा मूर्तियों को रविवार को एक साथ धूमधाम से बाजे गाजे और झांकियों के साथ नगर के बांधा तालाब में विसर्जित किया गया। ज्ञात हो कि नगर का दुर्गा विसर्जन उत्सव बलोदाबाजार जिला ही नहीं अपितु पूरे राज्य में प्रसिद्ध है। यहां सभी दुर्गा प्रतिमाओं को प्रति वर्ष एक साथ बाजे गाजे और झाकियों के साथ विसर्जित किया जाता है, जिसे देखने आस पास गांव के लोग तो पहुंचते ही हैं। अन्य जिलों से भी लोग झांकी एवं दुर्गा विसर्जन देखने पहुंचते हैं। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की शांति भंग न हो कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाती है।



### ये समितियां हुईं पुरस्कृत









आयोजक समिति द्वारा झांकियों पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए थाना प्रभारी कसडोल रितेश मिश्रा द्वारा एकता नवदुर्गा उत्सव समिति सेक्टर 2 पारस नगर, द्वितीय पुरस्कार15000 नपा अध्यक्ष श्रीमती नीलू चंदन साहू द्वारा माँ अम्बे दुर्गा उत्सव समिति बलार रोड, तृतीय पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार भानु प्रताप साहू द्वारा 10000 रुपए दुर्गा उत्सव समिति बजरंग चौक, चतुर्थ पुरस्कार राजमिस्त्री संघ द्वारा 5000 रुपए मां भवानी दुर्गाउत्सव समिति रामसागर पारा, पंचम पुरस्कार 3000 रुपए सामुहिक तौर से दुर्गा चौक दुर्गा उत्सव समिति एवं युवा शक्ति दुर्गा उत्सव समिति गौरव पथ को दिया गया। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार के रूप में सभी समितियों को 2-2 हजार रुपए दिया गया।


### सांग-बाना संग निकाली विसर्जन शोभायात्रा



खरोरा। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि की धूम रही। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में भक्तिमय माहौल रहा। खरोरा दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के पूर्व मांदर की थाप में सेवा समितियों द्वारा सेवा जस गीत गाते हुए और युवा वर्ग युवा व छोटे–छोटे बच्चों द्वारा सांग को अपने जीभ में धारण किया गया था। वहीं जस गीत में कुछ महिलाएं देवता भी चढ़े हुये थे। वहीं ग्राम केशला एकता दुर्गा उत्सव समिति उत्सव समिति द्वारा भी तालाब में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना कर विसर्जन किया गया। मां के जयकारों से पूरा गांव भक्तमय मैं डूब गया माता रानी की विदाई में भक्तों के आंख से आंसू छलके। मां को अंतिम विदाई देने नगर के दोनों मुख्य सड़कों पर दुर्गा माता की विदाई करने वालों भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। समापन के बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

### माता के प्रतिमा का हुआ विर्सजन

सुहेला। नवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्रामवासियों ने इसे धूमधाम से मनाने का निर्णय लेकर ग्राम के सतबहिनया माता चौक और गौरा गौरी चौक पर विशेष तैयारियां की गई थी। जहां सभी लोग दुर्गा माता की जयकारे लगाते हुए, भक्तिभाव के साथ उनकी प्रतिमा को विसर्जन किया गया। लोगों ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए माता के भजन गाए और उनका गुणगान किया। माता की प्रतिमा के चारों ओर रंग-बिरंगे फूलों की सजावट की गई थी, जिससे यह दृश्य और भी मनमोहक हो गया। जैसे-जैसे प्रतिमा को विसर्जन के स्थान की ओर बढ़ाया गया, लोग नम आंखों से माता को विदाई देने लगे। यह दृश्य भावनात्मक था, जिसमें श्रद्धा और असीम प्रेम का प्रदर्शन हो रहा था। प्रत्येक व्यक्ति में यह भाव था कि दुर्गा माता उनकी सभी संकटों को दूर कर सकती है।



### माता की विदाई में छलक आईं आंखें

**हिरमी रावन।** शारदीय नवरात्रि के पश्चात शनिवार को दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा मां दुर्गा की झांकी निकालकर सिंगवासा तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नौ दिनों के अनुष्ठान के बाद शनिवार को जब माता के विदाई की बेला आई, तो मां से दूर होने का दुःख भक्तों की अश्रुपूरित आंखों में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। वहीं, विजयादशमी उत्सव को लेकर पूरा ग्रामीण अंचल मां की अंतिम विदाई के दौरान उमड़ पड़ा। माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पहले माता की आरती व पूजा अर्चना की गई। आयोजन समिति माँ दुर्गा जी की प्रतिमा को वाहन में विराजित कर सीधे गली भ्रमण करते हुए सरोवर ले गई और जयकारों के साथ विसर्जन किया।



### बंगोली में धूमधाम से मनाई नवरात्रि, अंतिम दिन किया गया विसर्जन



**बंगोली।** शारदीय नवरात्र पर्व पर ग्राम बंगोली में वोदय दुर्गोत्सव नवदुर्गा, जय महामाई नवदुर्गा, बाल बजरंग तथा आदर्श दुर्गोत्सव समिति ने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना कर श्रद्धाभक्ति भाव से पूजा अर्चना की। नवरात्र के दौरान ग्राम के जससेवा समिति के सदस्यों ने जस, पचरा, जंवारा आदि सेवा गीत गाकर मां की सेवा की। इस दौरान जस झांकी, पंडवानी कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसका ग्रामवासियों ने आनंद लिया। विसर्जन यात्रा में ग्रामवासी ससम्मानपूर्वक प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक पहुंचाया गया। नवरात्र के दौरान नवोदय दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक के सदस्यों ने पूरे नौ दिन तक माता के अन्नय भक्तों ने केला, सेव, सिंघाड़ा, खजूर, खीर, पूड़ी आदि प्रसाद का वितरण किया।

## बाबा सिद्दीकी एक जिंदादिल इंसान थे



**सिमगा।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या की खबर से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता भी सकते में है। अभी कुछ माह पूर्व ही विधानसभा चुनाव के समय रायपुर कांग्रेस भवन में उन्होंने सभी प्रमुख नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान ही प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने सार्वजनिक रूप से तारीफ भी की थी। यह ज्ञात हो को बाबा सिद्दीकी पूरे रायपुर लोकसभा के सभी विधानसभा के लिए पर्यवेक्षक के रूप में आए थे। विधानसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद जब वे भाटापारा विधानसभा पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले कॉल करके सुनील माहेश्वरी को बुलाया क्योंकि श्री माहेश्वरी की टिकिट कट चुकी थी। बाबा सिद्दीकी ने सभी कार्यकर्ताओं के सामने माहेश्वरी को कहा की टिकिट नही मिलने से मायूस मत हो , लगातार सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहो। एक दिन सफलता तुम्हारे पास चलकर आएगी। इस संबंध में श्री माहेश्वरी ने कहा कि बाबा सिद्दीकी बहुत ही जिंदादिल और दिलदार व्यक्तित्व के थे। लेकिन किन्ही कारणों से वे कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में चले गए। बाबा सिद्दीकी के निधन पर सुनील माहेश्वरी, विनोद अग्रवाल, अमर मांडावी, कृष्ण कुमार नायक, आबिद खान, अरुण वर्मा, विवेक अग्रवाल, अशोक तिवारी, दीपक वर्मा, प्रमिला साहू, अविनाश दास, रिंकू भाटिया, राजा तिवारी, अयूब बाठिया सहित आदि श्रद्धांजलि दी।

## पेज 9 के शेष

### आवास चौपाल में ...

पंचायत सचिव लेखा साहू,नरोत्तम महेश्वर, बलीराम ,अभयराम यादव, कृष्णा देवी डहरिया, नरबदा, कमला यादव, चिंताराम यादव बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आग से नकदी...

राह चलते लोग भी पहुंचकर गाय और बछड़े को बचाने में सहयोग किया। घर में रखे बर्तन, कपड़ा, नकदी सहित समान जलकर खाक हो गया।

### 1 नवंबर से ...

खरीदी 15 नवंबर की जगह 1 नवंबर से शुरू की जाए। उन्होंने आगे कहा कि मानसून के सीजन में प्रदेश में अच्छी बारिश हुई है किसानों की फसलें भी अच्छी हैं इसलिए किसानों को नुकसान न हो और किसानों के हित को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा धान की खरीद 1 नवंबर से शुरू कर देनी चाहिए।

**न्यायालय तहसीलदार बिलाईगढ़
जिला सांरगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

इस न्यायालय का राजस्व प्रकरण क्रमांक 202408320900017 अ/27 वर्ष 2023-24 पक्षकार चिन्ताराम पिता रामप्रसाद जाति तेली विरुद्ध पुनीमती पिता रामप्रसाद जाति तेली साकिन टुण्डरी प.ह.नं. 01 तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के नाम ग्राम टुण्डरी सामिल खाता में दर्ज भूमि कुल खसरा नं. 12 रकबा 0.870 हे. कास्त कब्जा के आधार पर खाता विभाजन का प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन होकर आगामी सुनवाई तिथि 17/10/2024 को नियत है।

उक्त प्रकरण में आदेश पत्र दिनांक 08/10/2024 अनुसार अनावेदक की उपस्थिति हेतु समाचार पत्र में प्रकाशन का आदेश हुआ है। अतः आप कृष्ण कुमार पिता टेकराम, दिनेश्वरी पिता टेकराम जाति तेली ग्राम टुण्डरी व तहसील बिलाईगढ प्रकरण नियत दिनांक 17/10/2024 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करे। अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जावेंगा, जिसके लिए आप स्वतः जिमेदार रहगे।

**तहसीलदार
बिलाईगढ**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नयापारा में दो युवकों के साथ मारपीट

**महासमुंद।** गिरवी रखे मोबाईल को छुड़ाने पहुंचे युवकों के साथ शहर के नयापारा इलाके में चाकूबाजी और मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। नगर के नयापारा में दो युवकों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को मनीष यादव ने बताया कि करीब दो माह पूर्व टिकेश्वर सारथी अपने मोबाईल को साहिल के पास 2000 रुपए में गिरवी रखा था, जिसे लेने के लिए 11 अक्टूबर को साहिल के घर प्रार्थी अपने साथी टिकेश्वर सारथी, हिमांशु साहू के साथ गए और साहिल को गिरवी में रखे मोबाइल को वापस देने कहा। साहिल द्वारा बहुत दिनों बाद मोबाईल छुड़ाने आए हो, मुझे पैसे की आवश्यकता थी, कहकर गाली देने लगा। दोनों पक्षों द्वारा की गई गाली गलौच के बाद साहिल और उसका साथी धन्नू मारपीट करने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए साहिल ने अपने पेंट की जेब से चाकू जैसी नुकीला वस्तु निकाली और टिकेश्वर सारथी के पेट में दाहिने ओर प्राणघातक वार किया। जिसके बाद टिकेश्वर जमीन पर गिर गया और आरोपी वहां से भाग गए। मारपीट में हिमांशु साहू को भी चोटें आई।

### रमनटोला में शिव महापुराण कथा कल से

**महासमुंद।** नगर के रमन टोला में 15 से 21 अक्टूबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री शिवाय महिला समिति एवं स्थानीय निवासियों द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रवचन श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर गरियाबंद के आचार्य पं. युवराज पांडेय करेंगे। यह कथा केंद्रीय विद्यालय से आगे गौरी शिव मंदिर रमनटोला मैदान में दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक होगी। शिव महापुराण कथा के दौरान 15 अक्टूबर को कलश यात्रा, शिव पुराण महात्म्य, शिव पूजा विधि, भष्मधारण, रूद्राक्ष की महिमा, 16 को ब्रह्मा नारद संवाद, नारद मोह, पार्थिव पूजन विधि, 17 को दक्ष के तप, शिव का वरदान, सती जन्म, शिव-सती विवाह, 18 को सती देह त्याग, सती मोह, रामकथा, गंगा उत्पत्ति की कथा, 19 को पार्वती जन्म, पार्वती तप, कामदेव चरित्र, शिव विवाह, 20 को गणेश जन्म, अंधकासुर की कथा, कृष्ण कथा, बाणासुर कथा, 21 अक्टूबर को शिव के विभिन्न रूपों की कथा, पूर्णाहुति आदि होंगे।

### ठेकेदार से 10 हजार रुपए छीनकर भागा

**महासमुंद।** मौहारीभाठा में एक ठेकेदार से 10 हजार रुपए छीन लिया गया। पुलिस ने शिकायत पर जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ललित कुमार सिंह ने बताया कि वह मौहारीभांठा में रहता है। वही पास में ही उनका ऑफिस है, जहां वह ठेकेदारी करता है। वह ऑफिस के पास चेन माउंटेन ऑपरेटर को पेमेंट करने के लिए हाथ में 10 हजार रुपए रखा था। तभी उनके पहचान का राजेश शर्मा आया और 10 हजार रुपए छीनकर भाग गया। प्रार्थी मूलतः बलिया उत्तर प्रदेश का निवासी है। वर्तमान में वह मौहारीभाठा कलेक्टर ऑफिस के पीछे विक्की ठाकुर के यहां किराए के मकान में रहता है।

उत्सव : 400 प्रतिभागियों ने गरबा में बढ़-चढ़ कर लिया भाग, प्रशासन रहा मुस्तैद

# नवरात्रि उत्सव में गरबे की ताल व डांडिया की खनक पर थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

शारदेय नवरात्रि में मां की उपासना के पर्व नवरात्र के साथ ही कसडोल नगर के पारस नगर सेक्टर 2 में गरबा की शुरुआत हो जाती है, जो कि लगभग 6 वर्षों से अपने सफलता के पायदान पर अग्रसर है कसडोल में जय मां दुर्गा नवरात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजक समिति द्वारा गरबा का आयोजन नगर के वार्ड नंबर 05 के पारस नगर सेक्टर 02 मैदान प्रांगण में किया जा रहा है, जिसमें लगभग 400 प्रतिभागी भाग लेकर गरबा की धुन में देर शाम तक थिनकते रहते थे शुक्रवार को प्रारंभ हुई इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विदित हो कि जय माँ दुर्गा नवरात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजक समिति के बैनर तले यह शानदार छः वर्ष का आयोजन हो रहा।

समिति के सदस्य वेदव्यास और राहुल साहू ने बताया कि त्रिदिवसीय कार्यक्रम का संचालन सभी के सहयोग से किया जा रहा है, पहले दिन गरबे में छत्तीसगढ़ी वेश भूषा के साथ दूसरे दिन शनिवार को अन्य राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। आज कार्यक्रम का अंतिम दिन है, अंतिम दिवस प्रतिभागी बच्चों को उपहार से समिति के सदस्यों द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोशन ध्रुव, आशीष साहू, धर्मेन्द्र साहू, दीपक साहू, वेद व्यास साहू, राहुल साहू, खगेन्द्र दिव्यकार, देव चौहान, अजय साहू, अश्वनी साहू, गजेंद्र साहू, पुरन साहू, रेहान साहू, साकेत साहू, सूरज पटेल, डब्बू साहू, गोल्डी साहू, यश राव, पीयूष, डुमेश, अप्पू, मलय, योगेश साहू, प्रवीण साहू सहित अन्य सदस्य शामिल है, जिनके द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम पर पुलिस और प्रशासन की नजर बनाए हुआ है, कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक के अलावा तहसीलदार विवेक पटेल, नायब तहसीलदार ईश्वर केवट सहित पुलिस की टीम मौजूद रही।

## गरबा में छत्तीसगढ़ी व अन्य राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए प्रतिभागी







### इन्होंने बिखेरी प्रतिभा

इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर की समृद्धि, सजल, आराध्या, रिचु साहू, ऋचा, दिव्यांश साहू, सृष्टि, कर्तब्य, आयुष, सौम्य, लक्की, बिट्टू, विवेक, अरमान, मीनल साहू, मयंक साहू, गौतम, वंशिका, कनक मृणालिनी, ख़ुशी, ओमकार साहू, गौरी साहू, भूपेश धीवर, ओमप्रकाश साहू सहित अन्य प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रत्येक कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात तालियों की गूंज से प्रतिभागियों की हौसला अफजाई होती रही। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शक मंत्रमुग्ध हो गरबा महोत्सव को देखने में लीन रहे।




**कई थीमों में दिखे** शनिवार को गरबे में देश की अन्य राज्यों की पारामपरिक वेश भूषा में प्रतिभागी नजर आए। जिसमें मुख्य रूप से बंगाली थीम, सऊदी अरब थीम, साउथ थीम, गुजराती थीम, राजस्थानी थीम, नए थीम, नन हॉरर थीम, डाकू थीम,,मराठी थीम सहित अन्य थीमों में प्रतिभागी अपने कला का प्रदर्शन गरबे में कर रहें थे।

### संगीत की धुन में गरबा के रंग

संगीत की धुन में नगर की बच्चियों के साथ-साथ महिलाओं नें भी गरबा में बढचढ कर हिस्सा लिया। जिनकी नृत्य देखते ही बन रही थी सभी दर्शकों के लिये गरबा का माहौल एक भव्य प्रस्तुत की स्वरूप बिखेर रही थी जिसमे सभी वर्गों की महिलाएं, बच्चे अपने अपने स्तर से भाग लेकर माता रानी की घूम में रंगी दिखाई पड़ रही थी।

### इन्होंने निखारी प्रतिभाएं

शारदेय नवरात्रि पर आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव की तैयारियों व महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को गरबा में ट्रेंड करने में महती भूमिका निभाने में रोशन ध्रुव, आशीष साहू, देवेंद्र सिंह क्षत्रिय, यश गवांडे की प्रमुख भूमिका रही। जिन्होंने कई दिनों तक नन्हें मुन्हे बच्चों को गरबा की अलग-अलग स्टेप की जानकारी देकर उन्हें गरबा के लिए परिपक्व किया।

## रास गरबा की धूम, जमकर थिरका केशरवानी समाज



**भाटापारा।** केशरवानी समाज के द्वारा गरबा उत्सव का कार्यक्रम मंगल भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें तिल्दा से आए महेश केसरवानी ने अपने भजन की प्रस्तुति दी। गरबा उत्सव में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि संरक्षक छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सभा कविता केशरवानी, रायपुर अध्यक्षता नगर सभा अध्यक्ष प्रदीप केसरवानी, विशेष अतिथि गरीब लाल, केशरवानी, मोहनलाल केसरवानी, चंद्र मोहन केसरवानी, प्रवीण केसरवानी थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक केसरवानी उपस्थित थे।

## गरबा महोत्सव प्रतियोगिता में सिया ग्रुप दर्री पारा को मिला प्रथम पुरस्कार



**बगबुड़ा।** नवरात्रि के अवसर पर सेवा और सद्भाव के साथ क्षेत्रीय परम्परागत रीति–रिवाजों और महापर्वों को बढ़ावा देने शनिवार को गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ माता जी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ पाण्डल सजावट, श्रेष्ठ सामूहिक गरबा नृत्य व श्रेष्ठ वेशभूषा को चयन कर पुरस्कार दिया गया। जिसमें सिया ग्रुप दर्री पारा प्रथम ,द्वितीय स्थान स्टाईल क्वीन ग्रुप बाड़ा चौक, तृतीय स्थान शीतला चौक, चतुर्थ स्थान गर्ल्स ग्रुप गाँधी रहे। कार्यक्रम दिलीप कुमार साहू,शेखर कंवर, ओमप्रकाश वर्मा,टिकेशवर प्रसाद साहू,गोविंद साहू,लखन धुरव एवं श्री बालाजी सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति ओडान के तत्वधान में गरबा नृत्य को प्रोत्साहन देने के लिए रखा गया था। कार्यक्रम के निर्णायक राकेश धुरव ,विकास वर्मा ,गुलाब वर्मा,संजय धुरव एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच राजकुमारी कमल,ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि रामस्वरूप वर्मा, कुलेश्वर वर्मा,भगवती साहू,मोहित राम फेकर,दूज राम कमल,होरी लाल कमल, हेमंत वर्मा,अरुण वर्मा,बलदेव,ललिता साहू,रामजी साहू, डोमार वर्मा,राधे सेन,लुकेश्वर,गोलू साहू ,रोशन साहू,उमेश साहू,सागर,रिंकू ,एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आराधना और उल्लास के साथ नवरात्रि का समापन

- उत्साह के साथ 4 घंटे किया गरबा
- अलग-अलग कैटेगरी में विजेताओं को दिया पुरस्कार

**भाटापारा।** सिंधु मित्र मंडल व सिंधु महिला मंडल द्वारा गरबा का आयोजन किया गया। गरबा की मुख्य संचालिका शीतल आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व के साथ ही शहर में सिंधी समाज द्वारा आयोजित गरबा का भी समापन हो गया। 3 दिनों तक जारी सिंधी गरबा नाइट में आराधना और उल्लास का संगम दिखा। चार घंटे तक गरबा में लोगों का उत्साह देखने को मिला। परमआनंद विला में सिंधी समाज द्वारा आयोजित गरबा के अंतिम दिन लोगों में खूब उत्साह नजर आया। इस दौरान देर रात तक गरबा खेला गया। वहीं अंतिम दिन गरबा आयोजक समिति सिंधी महिला मंडल एवं सिंधु मित्र मंडल की ओर से अलग-अलग कैटेगरी में पुरस्कार भी दिए गए, जिसमें गरबा किंग राहुल तोलानी, गरबा क्वीन पायल बालानी, मिस गरबा मुस्कान सचदेव तथा ऑल



इन वन गरबा सत्यम किंगरानी को पुरस्कृत किया गया तीनों दिन गरबा शुरू करने से पहले माता की आरती की गई। इसके बाद भक्ति गीत पर गरबा शुरू किया गया। समाज के महेश चंदानी ने कहा जिस तरह हम माता की आराधना करते हैं। उसी तरह समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल की आराधना भी जरूरी है। इसलिए शुरुआती दिनों से लेकर अंतिम दिनों तक यहां गरबा समाप्ति साई झूलेलाल के भजनों के साथ की गई। सिंधी रास गरबा को सफल बनाने में नगर के सारे सिंधी समाज का भरपूर योगदान रहा।

## अडबंधा तालाब का हुआ सौंदर्यीकरण सुबह-शाम टहलने पहुंच रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- सर्व सुविधायुक्त मुक्तिधाम व अडबंधा तालाब सौंदर्यीकरण का किया गया लोकार्पण

नगर पंचायत परिषद द्वारा भटगांव में की गई सौंदर्यीकरण लोगों के बीच प्रशंसा का विषय बना हुआ है। जीवन जीने के लिए आवश्यक तत्वों में जल को सर्वोपरि माना गया है। यदि जल का स्थान सौंदर्य से परिपूर्ण हो तो जीवन भी सौंदर्य बन जाता है। बुजुर्गों ने कहा है कि सुबह शाम की हवा लाख रुपए की दवा



इस कथन को चरितार्थ करने में नगर पंचायत भटगांव के परिषद ने वार्ड क्रमांक 2 में 50 लाख रूपये की लागत से सुप्रसिद्ध अडबंधा तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया। पूर्व में लोग तालाब किनारे बैठने से परहेज करते थे, वहीं अब लोग सुबह शाम टहलते हुए स्वच्छ परिवेश का भरपूर आनंद ले रहे हैं। इसके अलावा नगर पंचायत द्वारा वार्ड क्रमांक 12 में 48 लाख रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम का लोकार्पण भी किया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमीत कौशिक उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, संजू साहू, शीला साहू, राजेश सिदार, जान मोहम्मद, दुष्यंत नवरंग भुनेश्वर नारंग, लीलाधर वैष्णव, सुरेश रघु, राजेश केसरवानी नगर पंचायत के लेखपाल लक्ष्मण पटेल उपस्थित थे।

## पलारी में अधर्म के प्रतीक स्वरुप रावण का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शनिवार को नगर असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों से खचाखच भरे एसजी स्टेडियम में 30 फीट ऊंचे बुराई स्वरुप रावण के पुतले का दहन किया गया। करीब आधे घंटे से भी अधिक समय तक बुराईरूपी रावण का पुतला जलने के बाद एक दूसरे को लोग सोनपत्ती भेंटकर विजयदशमी की बधाई दी। विजय प्राप्ति के बाद दशहरा उत्सव समिति द्वारा आसमान पर रंग बिरंगी आतिशबाजी की गई।



इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा सहित समिति के सदस्यों को सौंपी गई जिम्मेदारीयो को कुशलतापूर्वक निर्वहन तथा पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से कार्यक्रम सफल रहा। मौके पर नपं अध्यक्ष वर्मा ने नागरिकों को विजयीदशमी की बधाई दी। प्रभु राम की तरह मर्यादित आचरण करना चाहिए और उनके तरह आज्ञाकारी पुत्र बनकर सदैव माता- पिता का सम्मान करना चाहिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411